दिनांक : 08.08.2025

समय : 08.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने कहा- देश चावल, गेहूं और कपास उत्पादन में अग्रणी, तेल उत्पादन भी रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ा।
- भोपाल बन रहा देश का टैक हब, युवाओं के कॅरियर को मिलेगी नई उड़ान : कहा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने।
- अगले चार दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं। ज्यादातर शहरों में पारा रहेगा 35 डिग्री सेल्सियस के पार।

प्रधानमंत्री-खाद्यान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत चावल, गेहूं, कपास और सब्जी उत्पादन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं तेल उत्पादन भी रिकार्ड स्तर पर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार का मानना है कि राष्ट्र की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है।

प्रधानमंत्री-ब्राजील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच कल टेलीफोन पर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने अपनी ब्राज़ील यात्रा का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने बातचीत के क्रम में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

विकास-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल अब नवाचार का केंद्र बनकर भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यहां ड्रोन, एवीजीसी-एक्सआर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के अग्रणी केंद्र और उद्योग

साझेदारियां आकार ले रही हैं। भोपाल जल्द ही ड्रोन टेक्नोलॉजी का भी हब बनेगा। एनीमेशन ग्राफ़िक्स जैसे नए सेक्टर्स भी प्रदेश के युवाओं के कॅरियर को नई उड़ान देने तैयार हैं। भोपाल में सेमी-कंडक्टर और डाटा-सेंटर जैसे ग्लोबल टेक्नोलॉजी ट्रेंड्स भी विकसित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री-नरसिंहगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के अमिट रिश्ते का प्रतीक है, जो सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि नारी गरिमा और सामाजिक सुरक्षा का भी संदेश है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिये निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार लाड़ली बहनों के खातों में 1,859 करोड़ रुपए अंतरित किये। साथ ही उज्जवला योजना के अंतर्गत 28 लाख से अधिक बहनों को 43.90 करोड़ सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को दी जा रही राशि आगे 3 हजार रुपए तक लेकर जाएंगे। राज्य सरकार ने अब तक 41 हजार करोड़ से अधिक राशि लाड़ली बहनों को बांटी है। प्रदेश में 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनें हैं।

मुख्यमंत्री हर घर तिरंगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश में इस बार तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए जवानों को राखियां भेजी जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कुलगुरू-राज्यपाल

राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने प्रो. शिव शंकर मिश्र को महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन का कुलगुरू नियुक्त किया है। प्रो. मिश्र वर्तमान में श्री लाल बहादुर शास्त्रीय राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं।

मुख्यमंत्री पीएम मित्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री धार में पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करेंगे। उन्होंने कहा कि रेडीमेड गारमेंट सेक्टर की इस परियोजना से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ज्यादातर शहरों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहने की संभावना है।

एक बगिया मां के नाम“

प्रदेश में स्व सहायता समूहों की महिलाओं को प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से समृद्ध बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत प्रदेश में “एक बगिया मां के नाम“ परियोजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलोद्यान की बगिया विकसित की जाएगी। प्रदेश में अब तक स्वयं सहायता समूह की 16 हजार 752 से अधिक महिलाओं ने परियोजना का लाभ पाने के लिए पंजीयन कराया है।

“एक बगिया मां के नाम“ परियोजना के लिए हितग्राहियों के चयन में आज तक की स्थिति में जो 10 जिले अग्रणी हैं उनमें खंडवा, देवास, बैतूल, सिंगरौली, शिवपुरी, झाबुआ, रायसेन, अशोकनगर, धार, विदिशा जिला शामिल है। हितग्राहियों का पंजीयन “एक बगिया मां के नाम“ ऐप के माध्यम से किया जा रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिला जेल एवं उप जेल सुसनेर में निरूद्ध बंदियों को 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उनकी बहनों से मिलने एवं रक्षासूत्र बांधने की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- सतना जिले में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत देश भक्ति के वातावरण निर्माण के लिए जागरूकता तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम चर्चायें की जा रही है।
- भोपाल में बिना हेलमेट पेट्रोल देने वाले पेट्रोल पंप के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जा रही है। शहर के नर्मदा पुरम रोड पर संचालित होने वाले दो पेट्रोल पंप जो नियमों की अनदेखी कर रहे थे उन्हें खाद्य विभाग ने सील कर दिए।

-------